भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/79/2021/एफ.सी. 531 दिनांकः 14/07/2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय : जनपद –पिथौरागढ़ के राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के अंतर्गत तिलाड़ी से सेरा तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 3.02 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (online no. FP/UK/Road/46681/2020)

सन्दर्भः अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या– 3071/ FP/UK/Road/46681/2020 दिनांक 23-06-2022

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 30.07.2021 का उत्तर राज्य सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया है जिसके अवलोकन उपरान्त प्रस्ताव में कुछ त्रुटियाँ पाई है। अतः आपसे अनुरोध है कि निम्नाँकित बिन्दु पर अभिलेख/दस्तावेज़ इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें :–

1. राज्य सरकार के प्रस्तुत उत्तर में यह बतलाया गया है कि प्रस्तावित मार्ग से तीन गांवों *'दुबतड़'*, *'तिलाड़ी'* एवं *'सेरा'* को जोड़ा जायेगा, परन्तु प्रस्तावित मार्ग का अवलोकन कर यह ज्ञात होता है कि गांव *'तिलाड़ी'* एवं *'सेरा'* पूर्व में ही मार्ग से जुड़े हुये हैं। वर्तमान मार्ग से इन दोनो गांवों की दूरी लगभग 500 मी0 के भीतर ही है अतः राज्य सरकार द्वारा इन दोनो गांवों के लिये नये मार्ग की आवश्यकता स्पष्ट नहीं है। गांव *'दुबतड़'* हालांकि मार्ग से नहीं जुड़ा है किन्तु प्रस्तावित समरेखण के बिन्दु सं0 1 से 7 तक ही मार्ग का निर्माण कर गांव *'दुबतड़'* को मार्ग से जोड़ा जा सकता है। बिन्दु सं0 7 से आगे मार्ग निर्माण की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

   अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार प्रस्ताव पर पुर्नविचार कर प्रयोक्ता अभिकरण एवं प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर स्पष्टकरण प्रस्तुत करें।

भवदीय

Gnarawane 14/07/22
(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)
सहायक महानिरीक्षक (वन)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)
सहायक महानिरीक्षक (वन)